(5)


# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
## शंकर नगर रायपुर, (छ0ग0) पिनकोड–492007

☎ - 0771-2443796, FAX – 0771-2443796, Website- www.cteraipur.org e-mail id - ctechhattisgarh@gmail.com


क्रमांक / प्रवेश / 2018–20 / 16 83 रायपुर, दिनांक 02.05.2019

**–: प्रेस विज्ञप्ति :–**

प्रति,

1. संपादक, दैनिक भास्कर
2. संपादक, नवभारत
3. संपादक, देशबन्धु
4. संपादक, पत्रिका
5. संपादक, हरिभूमि

———00———

सत्र 2019–21 के लिए बी.एड. / एम.एड. विभागीय प्रशिक्षार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है, जो निम्नानुसार है :–

1. **एम.एड. विभागीय प्रशिक्षण** हेतु स्कूल शिक्षा विभाग ई, टी एवं एल.बी. संवर्ग तथा पंचायत एवं नगरीय निकाय के अप्रशिक्षित उपसंचालक / प्राचार्य / व्याख्याता / व्याख्याता एल.बी. / व्याख्याता पंचायत / प्रधानपाठक उच्चप्राथमिक शाला / उच्च श्रेणी शिक्षक / शिक्षक एल.बी. / शिक्षक पंचायत / प्रधानपाठक प्राथमिक शाला / सहायक शिक्षक / सहायक शिक्षक एल.बी. / सहायक शिक्षक पंचायत एवं सीधी भर्ती हेतु पात्रताधारी अभ्यर्थी (जो सेवा में नहीं हैं।) **दिनाँक 06.05.2019 से 25.05.2019** तक एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाईट **http://scert.cg.gov.in** में निर्धारित प्रारूप में ऑनलाईन आवेदन भरकर आवेदन का प्रिंट प्राप्त कर आवेदन के हार्ड कॉपी में आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर अभ्यर्थी सीधे **शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, शंकर नगर, रायपुर** में दिनाँक 31.05.2019 तक प्रवेश प्रभारी श्री आलोक शुक्ला, व्याख्याता, **कक्ष क्रमाँक** 40 के पास जमा करेंगे। ऑनलाईन आवेदन करने के लिए शिक्षक को **कार्यरत संस्था के संस्थाप्रमुख तथा संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी से NOC** प्राप्त करना होगा। इस NOC का सॉफ्ट कॉपी (स्कैन कॉपी) आवेदन में अपलोड करने पर ही ऑनलाईन आवेदन भर पाएँगे।

एम.एड. विभागीय प्रवेश हेतु चयन परीक्षा दिनांक **24.06.2019** को शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, शंकर नगर, रायपुर में आयोजित की जायेगी।एम.एड. विभागीय में चयन, चयन परीक्षा के प्राप्तांक के अनुसार तैयार किये गये मेरिट के आधार पर किया जायेगा।

एम.एड.सीधी भर्ती हेतु प्रवेश प्रक्रिया पूर्ववत रहेगा।

2. **बी.एड. विभागीय प्रशिक्षण** हेतु राज्य के शासकीय स्कूलों में कार्यरत स्कूल शिक्षा विभाग ई, टी एवं एल.बी. संवर्ग तथा पंचायत विभाग के अप्रशिक्षित व्याख्याता / व्याख्याता एल.बी. / व्याख्याता पंचायत / प्रधानपाठक उच्चप्राथमिक शाला / उच्च श्रेणी शिक्षक / शिक्षक एल.बी. / शिक्षक पंचायत / प्रधानपाठक प्राथमिक शाला / सहायक शिक्षक / सहायक शिक्षक एल.बी. / सहायक शिक्षक पंचायत **दिनाँक 06.05.2019 से 25.05.2019** तक एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाईट **http://scert.cg.gov.in** में निर्धारित प्रारूप में ऑनलाईन आवेदन भरकर आवेदन का प्रिंट प्राप्त कर आवेदन के हार्ड कॉपी में आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर अभ्यर्थी स्वयं **शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, शंकर नगर, रायपुर** में दिनाँक 31.05.2019 तक प्रवेश प्रभारी श्री आलोक शुक्ला, व्याख्याता, **कक्ष क्रमाँक 40** में जमा करेंगे। ऑनलाईन आवेदन करने के लिए शिक्षक को कार्यरत संस्था के संस्थाप्रमुख तथा संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी से NOC प्राप्त करना होगा। इस NOC का सॉफ्ट कॉपी (स्कैन कॉपी) आवेदन में अपलोड करने पर ही ऑनलाईन आवेदन भर पाएँगे।

3. शासकीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं में कार्यरत अभ्यर्थी अपने संस्था प्रमुख के द्वारा NOC प्राप्त कर आवेदन की हार्ड कॉपी सीधे शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, शंकर नगर, रायपुर में दिनाँक 31.05.2019 तक प्रवेश प्रभारी श्री आलोक शुक्ला, व्याख्याता, कक्ष क्रमाँक 40 में जमा करेंगे।

उक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक पत्र में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

**डॉ. योगेश शिवहरे**
प्राचार्य (संयुक्त संचालक संवर्ग)
**शास. शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय,**
**शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)**

Scanned by CamScanner

30

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
## शंकर नगर रायपुर, (छ0ग0) पिनकोड–492007

☎ - 0771-2443796, FAX – 0771-2443796, Website- www.cteraipur.org e-mail id - ctechhattisgarh@gmail.com

क्र / एम.एड. (विभागीय) / प्रवेश / 2019–21 / 61 रायपुर, दिनांक : 02.05.2019

प्रतिलिपि :–

1. संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, रायपुर को उनके पत्र क्र./शिक्षक–शिक्षा / 30–01 / एम.एड. / प्रवेश विभागीय / 20 / 2019 / 1420 के संदर्भ में सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, रायपुर को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. संचालक, पंचायत विभाग, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
4. संचालक, नगरीय प्रशासन विभाग, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
5. कलेक्टर, जिला – रायपुर / महासमुंद / दुर्ग / राजनांदगांव / कवर्धा / बस्तर / दंतेवाड़ा / धमतरी / कांकेर / बेमेतरा / बलौदाबाजार / बालोद / गरियाबंद / सुकमा / बीजापुर / कोण्डागांव / नारायणपुर को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला – रायपुर / महासमुंद / दुर्ग / राजनांदगांव / कवर्धा / बस्तर / दंतेवाड़ा / धमतरी / कांकेर / बेमेतरा / बलौदाबाजार / बालोद / गरियाबंद / सुकमा / बीजापुर / कोण्डागांव / नारायणपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
7. जिला शिक्षा अधिकारी, जिला – रायपुर / महासमुंद / दुर्ग / राजनांदगांव / कवर्धा / बस्तर / दंतेवाड़ा / धमतरी / कांकेर / बेमेतरा / बलौदाबाजार / बालोद / गरियाबंद / सुकमा / बीजापुर / कोण्डागांव / नारायणपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
8. प्राचार्य, डाईट, रायपुर / महासमुंद / दुर्ग / राजनांदगांव / कवर्धा / बस्तर / दंतेवाड़ा / धमतरी / कांकेर / बेमेतरा / बलौदाबाजार / बालोद / गरियाबंद / सुकमा / बीजापुर / कोण्डागांव / नारायणपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
9. सूचना केन्द्र प्रभारी, डॉ. डी.के. बोदले, सहायक प्राध्यापक (स्थानीय) को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10. वेब पोर्टल में अपलोड करने हेतु श्री आलोक शर्मा, सहायक प्राध्यापक (स्थानीय) को आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
11. नोटिस बोर्ड में चस्पा करने हेतु महाविद्यालय के भृत्य श्री केशबो हियाल को पालनार्थ।

कृपया संचालक, एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर का संलग्न पत्र क्रमांक शिक्षक–शिक्षा / 30–01 / एम.एड. / प्रवेश विभागीय / 20 / 2019 / 1420 रायपुर दिनांक 29.04.2019 का अवलोकन करें एवं प्रदत्त निर्देशो के अनुरूप एम.एड. विभागीय प्रशिक्षण हेतु स्कूल शिक्षा विभाग ई, टी एवं एल.बी. संवर्ग तथा पंचायत एवं नगरीय निकाय के अप्रशिक्षित उपसंचालक / प्राचार्य / व्याख्याता / व्याख्याता एल.बी. / व्याख्याता पंचायत / प्रधानपाठक उच्चप्राथमिक शाला / उच्च श्रेणी शिक्षक / शिक्षक एल.बी. / शिक्षक पंचायत / प्रधानपाठक प्राथमिक शाला / सहायक शिक्षक / सहायक शिक्षक एल.बी. / सहायक शिक्षक पंचायत एवं सीधी भर्ती हेतु पात्रताधारी अभ्यर्थी (जो सेवा में नहीं हैं।) **दिनाँक 06.05.2019 से 25.05.2019** तक एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाईट **http://scert.cg.gov.in** में निर्धारित प्रारूप में ऑनलाईन आवेदन भरकर आवेदन का प्रिंट प्राप्त कर आवेदन के हार्ड कॉपी में आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर अभ्यर्थी सीधे **शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, शंकर नगर, रायपुर** में दिनाँक 31.05.2019 तक प्रवेश प्रभारी श्री आलोक शुक्ला, व्याख्याता, **कक्ष क्रमाँक 40** के पास जमा करेंगे। ऑनलाईन आवेदन करने के लिए शिक्षक को **कार्यरत संस्था के संस्थाप्रमुख तथा संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी से NOC** प्राप्त करना

Scanned by CamScanner

होगा। इस NOC का सॉफ्ट कॉपी (स्कैन कॉपी) आवेदन में अपलोड करने पर ही ऑनलाईन आवेदन भर पाएँगे।

शासकीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं में कार्यरत अभ्यर्थी अपने संस्था प्रमुख के द्वारा NOC प्राप्त कर आवेदन की हार्ड कॉपी सीधे शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, शंकर नगर, रायपुर में दिनाँक 31.05.2019 तक प्रवेश प्रभारी श्री आलोक शुक्ला, व्याख्याता, कक्ष क्रमाँक 40 में जमा करेंगे।

दिनांक 31.05.2019 के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। कृपया पत्र प्राप्ति की सूचना वापसी डाक से भेजें।

आवेदन तथा निर्देश एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाइट http://scert.cg.gov.in एवं शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, रायपुर की वेबसाइट www.cteraipur.org पर भी उपलब्ध है। दिनांक 31.05.2019 के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। कृपया पत्र प्राप्ति की सूचना वापसी डाक से भेजें।

संलग्न – एम.एड. विभागीय प्रवेश हेतु संचालक, एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर (छ.ग.) का उपरोक्त संदर्भित पत्र एवं प्रवेश नियम की छायाप्रति।

विशेष टीप :–

1. एम.एड. द्विवर्षीय पाठ्यक्रम (विभागीय) में उपरोक्त प्रवेश प्रक्रिया शासन व संबंधित विश्वविद्यालय के आदेशों/निर्देशों के अधीन होगी।
2. संलग्न प्रवेश नियम के बिन्दु क्रमांक 08 में अग्रेषणकर्ता अधिकारी के लिए चेक लिस्ट में दर्शाये 06 बिन्दुओं के आधार पर पात्र आवेदकों की पात्रता सुनिश्चित करें। गलत आवेदन अग्रेषण के फलस्वरूप यदि अपात्र आवेदकों का चयन होता है, तो अग्रेषण अधिकारी उत्तरदायी रहेंगे।

डॉ. योगेश शिवहरे
प्राचार्य (संयुक्त संचालक संवर्ग)
शास. शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय,
शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)

Scanned by CamScanner

State Council of Educational
Research & Training, Chhattisgarh,
Shankar Nagar, Raipur

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़,
शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

क्र./शिक्षक–शिक्षा/30–1/एम.एड./प्रवेश/विभागीय/20/2019/ 1420 रायपुर, दिनांक 29/04/19

प्रति,

**प्राचार्य,**

1. शासकीय उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान, बिलासपुर
2. शासकीय शिक्षक–शिक्षा महाविद्यालय, रायपुर

**विषय– एम.एड. द्विवर्षीय पाठ्यक्रम सत्र 2019–21 में प्रवेश बाबत् ।**

—000—

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि शासकीय उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान बिलासपुर एवं शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय रायपुर में एम.एड. द्विवर्षीय पाठ्यक्रम सत्र 2019–21 हेतु प्रवेश नियम आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजा जा रहा है।

दोनों शासकीय शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित एम.एड. (विभागीय) व एम.एड. (सीधी भर्ती) पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन ऑनलाइन SCERT वेबसाइट में भरा जाना है। आवेदनों की सूची बनाने एक्सेल फारमेट में तैयार कर SCERT द्वारा आपको इमेल से भेजा जायेगा।

एम.एड.(विभागीय) प्रवेश हेतु राज्य के दोनों शासकीय शिक्षा महाविद्यालयों में दिनांक **24.06.2019** को चयन परीक्षा आयोजित की जायेगी। इस संबंध में समय सारिणी संलग्न है जिसके अनुसार समस्त कार्य संपन्न किए जाने है। प्रश्न पत्र परिषद् द्वारा प्रिंट करा कर दिया जायेगा। एम.एड.(विभागीय) में चयन इस चयन परीक्षा के प्राप्तांक के अनुसार तैयार किये गये मेरिट के आधार पर किया जायेगा। एम.एड.(विभागीय) प्रवेश नियम के अनुसार चयन समिति गठन करना होगा। प्रवेश परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों की जाँच संबंधित शिक्षा महाविद्यालय द्वारा किया जायेगा। एम.एड. (सीधी भर्ती) हेतु प्रवेश प्रक्रिया पूर्ववत रहेगा।

अतः कृपया उपरोक्तानुसार प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर 30.07.2019 तक परिषद् को सूचित करें।

**संलग्न** – एम.एड. प्रवेश नियम।

(पी. दयानंद)
संचालक

पृ. क्र./शिक्षक–शिक्षा/30–1/एम.एड./प्रवेश/विभागीय/20/2019/ 1421 रायपुर, दिनांक 29/04/19

**प्रतिलिपि सूचनार्थ :**

1. प्रमुख सचिव, छ.ग.शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर।
2. सचिव, छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर।
3. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, अटल नगर।
4. आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, इन्द्रावती भवन, अटल नगर।
5. संचालक, पंचायत विभाग, इंद्रावती भवन, अटल नगर।
6. संचालक, नगरीय प्रशासन विभाग, इंद्रावती भवन, अटल नगर।
7. कुलसचिव, पं.रविशंकर विश्वविद्यालय,रायपुर/अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर।

M.Ed Ad
Shri Alok Shukla
30/4/19

संचालक

शासकीय शिक्षा महाविद्यालय,
क्रमांक 39
दिनांक 30/04/19
शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)

Scanned by CamScanner

State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh, Shankar Nagar, Raipur

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

## एम.एड. द्विवर्षीय पाठ्यक्रम सत्र 2019–21 हेतु

## प्रवेश नियम

1. शासकीय उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान (IASE) बिलासपुर एवं शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, रायपुर में शैक्षिक सत्र 2019–21 के दौरान एम.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए निर्धारित प्रपत्र में विभागीय एवं सीधी भर्ती अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन पत्र व नियमावली SCERT के वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रवेश हेतु निम्नांकित विभागीय अभ्यर्थी online आवेदन http//scert.cg.gov.in में जाकर अपने संस्था प्रमुख तथा जिला शिक्षा अधिकारी से यह अनापत्ति प्रमाण पत्र कि उनका, यदि चयन एम.एड. (विभागीय) के होता है तो उन्हे कोई आपत्ति नहीं होगा प्राप्त कर तथा इस NOC का साफ्ट कापी (स्केन कापी) आवेदन में Upload करने पर ही ऑनलाइन आवेदन भर पायेंगे। विभागीय एवं सीधी भर्ती अभ्यर्थी दिनांक 06.05.2019 से 25.05.2019 तक http//scert.cg.gov.in में जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है एवं सम्पूर्ण आवश्यक दस्तावेज एवं हार्ड कापी संलग्न कर आवेदन सीधे सम्बंधित शासकीय शिक्षा महाविद्यालय में दिनांक 31.05.2019 तक डाक द्वारा/स्वयं उपस्थित होकर सीधे जमा करेंगे।

**निम्नलिखित शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम उपाधि प्राप्त उम्मीदवार आवेदन कर सकते है:–**

i) **छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग शिक्षक 'ई'** संवर्ग के कार्यरत उप संचालक/प्राचार्य/व्याख्याता/उच्च श्रेणी शिक्षक एवं समकक्ष पदाधिकारी, (सहायक संचालक/विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी /प्रधानाध्यापक, पूर्व माध्यमिक शाला/प्रधान पाठक, प्राथमिक शाला/सहायक शिक्षक)

ii) **छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग शिक्षक 'टी'** संवर्ग के कार्यरत प्राचार्य/व्याख्याता/उच्च श्रेणी शिक्षक एवं समकक्ष वर्ग एवं समकक्ष पदाधिकारी (सहायक संचालक/विकासखंड शिक्षा अधिकारी/प्रधानाध्यापक, पूर्व माध्यमिक शाला/प्रधान पाठक, प्राथमिक शाला/सहायक शिक्षक)

iii) **छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग शिक्षक 'LB'** संवर्ग के कार्यरत व्याख्याता/शिक्षक/सहायक शिक्षक

iv) **छत्तीसगढ़ पंचायत/नगरीय निकाय** संवर्ग के कार्यरत व्याख्याता (पंचायत), शिक्षक (पंचायत) एवं सहायक शिक्षक (पंचायत)

v) सीधी भर्ती हेतु पात्रताधारी अभ्यर्थी (जो सेवा में नहीं है)।



Scanned by CamScanner

निर्धारित सीटें :–

| क्र | संस्था का नाम | स्कूल शिक्षा विभाग 'ई', 'टी', LB, पंचायत तथा नगरीय निकाय संवर्ग के लिए एम.एड.(विभागीय) प्रवेश हेतु निर्धारित सीटें | सीधी भर्ती की सीटें | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| (i) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| | | उप संचालक / प्राचार्य / व्याख्याता / व्याख्याता LB / व्याख्याता (पंचा.) / प्र.पाठक (पूर्व मा.शाला) / उच्च श्रेणी शिक्षक / शिक्षक LB / शिक्षक(पं.) / प्र.पाठक(प्राथ.शाला) / सहायक शिक्षक / सहायक शिक्षक LB / सहायक शिक्षक (पंचा.) संवर्ग | | |
| 1 | शास. उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान, बिलासपुर | 44 | 06 | 50 |
| 2 | शास. शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, रायपुर | 44 | 06 | 50 |
| | कुल योग | 88 | 12 | 100 |

**3. न्यूनतम अर्हताएँ : उपरोक्त क्रमांक 1.(i) (ii) (iii) (iv) के लिए–**

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

2. NCTE के नियमानुसार किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / बोर्ड से शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक सम्मिलित रूप से) में प्राप्तांक कम से कम 50% हो। इसमें SC/ST/OBC (क्रिमीलेयर को छोड़कर)/ व दिव्यांग में अंधे / शिथिलांग वर्ग के अभ्यर्थियों को 5% की छूट होगी।

3. स्नातक / डिप्लोमा स्तर के शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की परीक्षा दो वर्ष या उससे पूर्व उत्तीर्ण की हो।

4. प्रवेश वर्ष के 01 जुलाई को अभ्यर्थी की आयु **55** वर्ष से अधिक न हो।

5. NCTE द्वारा मान्यता प्राप्त पत्राचार शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की उपाधि प्राप्त करने वाले भी एम.एड.(विभागीय) प्रवेश के लिए आवेदन करने हेतु पात्र होंगे। पत्राचार व अपने व्यय पर शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम करने वाले शिक्षकों को अर्हता परीक्षा दो वर्ष या इससे पूर्व उत्तीर्ण होने का बंधन नहीं होगा।

**4. न्यूनतम अर्हताएँ उपरोक्त क्रमांक 1.(v) के लिए :–**

1. NCTE द्वारा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / बोर्ड से शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक खण्डों में सम्मिलित रूप से) में कम से कम 50 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण अभ्यर्थी एम.एड. प्रवेश के लिए पात्र होंगे। इसमें SC/ST/OBC (क्रिमीलेयर को छोड़कर) / व दिव्यांग में दृष्टिबाधित / शिथिलांग वर्ग के अभ्यर्थियों को 5% की छूट होगी।



Scanned by CamScanner

2. NCTE द्वारा मान्यता प्राप्त पत्राचार शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले भी आवेदन कर सकेंगे।

3. अर्हता परीक्षा दो वर्ष या उससे पूर्व उत्तीर्ण होने का बंधन इस वर्ग के लिए नहीं है।

4. अभ्यर्थी की आयु शासन द्वारा शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु निर्धारित अधिकतम आयु सीमा के अनुसार मान्य होगी।

5. अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो।

6. अभ्यर्थी को अंतिम संस्था के प्राचार्य द्वारा जारी आचरण प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**5. प्रवेश हेतु शर्तें :–**

1. स्कूल शिक्षा विभाग शिक्षक 'ई', स्कूल शिक्षा विभाग शिक्षक 'टी', स्कूल शिक्षा विभाग शिक्षक 'LB' संवर्ग एवं पंचायत व नगरीय निकाय संवर्ग के अभ्यर्थियों का चयन अभ्यर्थी से संबंधित क्षेत्र के शासकीय शिक्षा महाविद्यालय में एम.एड. पाठ्यक्रम के लिए आयोजित **चयन परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर तैयार की गयी प्रवीणता सूची के आधार** पर किया जायेगा।

2. शासकीय उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान (IASE), बिलासपुर व शास. शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, रायपुर में एम.एड. (विभागीय) के चयनित छात्राध्यापकों का वेतन उनके पूर्व पदस्थ संस्था से आहरित होगा।

3. आवेदकों (सीधी भर्ती के अभ्यर्थियों को छोड़कर) के लिए किसी प्रकार की छात्रवृत्ति का प्रावधान नहीं होगा।

4. चयनित समस्त अभ्यर्थियों को संबंधित शिक्षा महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय के नियमानुसार शुल्क आदि का भुगतान करना होगा।

5. अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

6. प्रवेश लेने के उपरांत एक संस्था से दूसरी संस्था में स्थानांतरण नहीं किया जावेगा।

7. सीधी भर्ती के स्थानों में नियमानुसार अनुसूचित जाति के लिए 12 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिए 32 प्रतिशत एवं अन्य पिछड़ी जाति (क्रिमीलेयर को छोड़कर) के लिए 14 प्रतिशत स्थान आरक्षित है। महिलाएँ/विशेष आवश्यकता समूह/विधवा/परित्यक्ता/भूतपूर्व सैनिक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के पाल्यों के लिए आरक्षित स्थान राज्य शासन के नियमानुसार रहेंगे। आरक्षित वर्ग के पात्र आवेदकों के उपलब्ध नहीं होने पर रिक्त स्थान की पूर्ति छ.ग.बी.एड. प्रवेश नियम के अनुसार सीटों को परस्पर परिवर्तन कर की जायेगी। 6 सीट्स के लिए सीटों का आबंटन निम्नानुसार किया जायेगा :–

Scanned by CamScanner

| सत्र | ST | SC | OBC | UR | कुल सीट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| | 32% | 12% | 14% | | 06 |
| सत्र 2018–19 | 02 | 01 | – | 03 | 06 |
| सत्र 2019–20 | 02 | 01 | 01 | 02 | 06 |
| सत्र 2020–21 | 01 | 01 | 01 | 03 | 06 |
| सत्र 2021–22 | 02 | – | 01 | 03 | 06 |

(नोट – **उपरोक्त सीटों में से किसी भी संवर्ग की कम से कम एक सीट यथा स्थिति नियमानुसार महिला वर्ग से भरी जाये।)**

8. एम.एड. (विभागीय) में यदि विभागीय सीटें रिक्त रहती है तो महाविद्यालय एम.एड. सीधी भर्ती के सीटों में एवं सीधी भर्ती की सीटे रिक्त रहती है तो विभागीय सीटों में परस्पर परिवर्तन कर सभी सीट भरने की कार्यवाही कर सकेगी।

9. चयन का आधार सीधी भर्ती के लिए स्नातक/डिप्लोमा स्तर के शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के प्राप्तांक एवं विभागीय अभ्यर्थियों के लिए एम.एड. प्रवेश हेतु आयोजित चयन परीक्षा के **प्राप्तांक के आधार पर तैयार की गई प्रवीणता सूची** होगा। विभागीय अभ्यर्थियों के प्रवीणता सूची में अंक समान होने की स्थिति में एवं सीधी भर्ती में अभ्यर्थियों के अर्हता परीक्षा के प्राप्तांक समान होने के स्थिति में अधिक आयु के उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जायेगी।

10. चयन परीक्षा शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय (CTE), रायपुर, शासकीय उन्नत शिक्षा अध्ययन, संस्थान (IASE), बिलासपुर में आयोजित किया जायेगा। सीधी भर्ती के लिए चयन परीक्षा आयोजित नहीं की जायेगी। चयन परीक्षा दिनांक 24.06.2019 को आयोजित की जायेगी। इस तिथि में यदि कोई परिवर्तन होता है तो इसकी सूचना SCERT के वेबसाइट में दी जायेगी। अभ्यर्थी स्वयं के व्यय में इस चयन परीक्षा में सम्मिलित होगें सम्मिलित अभ्यर्थियों को इसके लिए कोई TA/DA शासन द्वारा देय नहीं होगा।

11. एम.एड. की चयन परीक्षा का पाठ्यक्रम व अंक विभाजन निम्नानुसार होगा :–

## एम.एड. चयन परीक्षा का पाठ्यक्रम

1. सामान्य मानसिक योग्यता – 20 अंक
2. सामान्य ज्ञान (समसामयिक मुद्दे) – 10 अंक
3. शिक्षण अभिरुचि – 10 अंक
4. भाषा बोध (हिन्दी व अंग्रेजी) – 30 अंक
5. मनोविज्ञान एवं शिक्षण शास्त्र – 30 अंक

Scanned by CamScanner

सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे तथा ऋणात्मक अंक (निगेटिव मार्किंग) नहीं होगा। इस परीक्षा में पुनर्मूल्यांकन तथा अंको की पुनर्गणना का प्रावधान नहीं होगा।

12. चयन परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों के रोल नंबर की सूचना SCERT के वेबसाइट में दी जायेगी।

13. चयन परीक्षा के बाद जिनें अभ्यर्थियों का चयन होगा उनके आवेदनों व दस्तावेजों का प्रारंभिक जाँच महाविद्यालय द्वारा किया जायेगा।

**6. आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि :–**

(1) क्रमांक **1.(i), (ii), (iii), (iv), (v)** के लिए –

स्कूल शिक्षा विभाग 'ई', स्कूल शिक्षा विभाग 'टी', स्कूल शिक्षा विभाग 'LB' संवर्ग एवं पंचायत एवं नगरीय निकाय संवर्ग एवं सीधी भर्ती के अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रपत्र में SCERT रायपुर के वेबसाइट **http://scert.cg.gov.in** में दिनांक 06.05.2019 से दिनांक 25.05.2019 तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। साथ ही इस आवेदन का प्रिंट आउट (हार्ड कापी) निकालकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित संस्था में जमा करना होगा।

- **शिक्षकों को ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अपने संस्था प्रमुख तथा संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा कि उनका यदि चयन एम.एड. (विभागीय) के लिए होता है तो उन्हे कोई आपत्ति नहीं होगी। इस NOC को अपलोड कर के ही ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।**

- शासकीय शिक्षक–प्रशिक्षण संस्थाओं के कार्यरत अभ्यर्थी को अपने संस्था प्रमुख से NOC प्राप्त कर Online आवेदन कर सकते है।

- पंचायत व नगरीय निकाय संवर्ग के व्याख्याता (पंचायत), शिक्षक (पंचायत) एवं सहायक शिक्षक (पंचायत) संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी से भी NOC प्राप्त करना होगा। अग्रेषित करायेंगे । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत/जिला पंचायत (जो लागू हो) से अनापत्ति प्राप्त करना आवश्यक नहीं होगा। शिक्षकों के द्वारा ऑनलाइन फार्म भरते समय दी गई प्रथम नियुक्ति/पदोन्नति व वर्तमान पद पर नियुक्ति दिनांक संबंधी जानकारी वास्तविक दस्तावेजों पर दी गई जानकारी में भिन्नता होने पर ऐसे शिक्षकों के आवेदन को महाविद्यालय अमान्य कर सकती है। विभागीय अभ्यर्थी द्वारा संबंधित महाविद्यालय में आवेदन के साथ वास्तविक दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न करेंगे।

**शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, रायपुर से संबद्ध जिले :–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. रायपुर | 2. महासमुंद | 3. दुर्ग | 4. राजनांदगांव | 5. कवर्धा |
| 6. बस्तर | 7. दंतेवाड़ा | 8. धमतरी | 9. कांकेर | 10. बेमेतरा |



Scanned by CamScanner

11 बलौदाबाजार 12.बालोद 13.गरियाबंद 14.सुकमा 15.बीजापुर
16.कोण्डागांव 17. नारायणपुर ।

**शासकीय उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान, बिलासपुर से संबद्ध जिले :–**

1. बिलासपुर 2. कोरबा 3. जांजगीर 4. रायगढ़ 5. जशपुर
6. सरगुजा 7. सूरजपुर 8. बलरामपुर 9. कोरिया 10. मुंगेली
11. सक्ति

(2) **क्रमांक 1.(v) के लिए :–**

सीधी भर्ती हेतु अभ्यर्थियों को दिनांक 25.05.2019 तक SCERT के वेबसाइट में जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस आवेदन का प्रिंट आऊट प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ वे जिस महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहते हैं, दिनांक 31.05.2018 तक संबंधित संस्था के प्राचार्य को अपना आवेदन पत्र जमा करेंगे।

(3) आवेदन पत्र के साथ स्नातक, स्नातकोत्तर, बी.एड. तथा आयु संबंधित प्रमाण पत्रों की सत्य प्रतिलिपियाँ भी अभ्यर्थियों को संलग्न करनी है। सीधी भर्ती के अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी जो तहसीलदार से निम्न पद का न हो, द्वारा प्रमाणित छत्तीसगढ़ का निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (आरक्षित वर्ग के लिए), PH प्रमाण पत्र अंतिम अध्यापन किये गये संस्था के प्राचार्य द्वारा प्रदत्त आचरण प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना हैं। प्रवेश के समय मूल टी.सी. जमा करना होगा।

(4) **कार्यालय संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, रायपुर को सीधे भेजे गये किसी भी श्रेणी के आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

(5) प्रत्येक शासकीय शिक्षा महाविद्यालय द्वारा अपने क्षेत्र के अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों पर ही विचार किया जावेगा।

(6) **परीक्षा परिणाम घोषित करने के उपरांत प्रवेश प्रकिया एक समिति गठित की जायेगी।** चयन समिति में संबंधित शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य अध्यक्ष होंगे तथा संचालक, के द्वारा नामित दो प्रतिनिधि होंगे। शेष प्रतिनिधियों में से एक–एक स्कूल शिक्षा विभाग 'टी' एवं स्कूल शिक्षा विभाग 'ई' से होंगे जो स्थानीय जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मनोनीत किया जायेंगे।

(7) एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाइट में जारी करने के लिए चयन सूची व सभी प्रतीक्षा सूची को चयन सूची जारी करने के दिवस को ही भेजना होगा तथा ई–मेल पता **scertcg@gmail.com** पर ई–मेल करना होगा। अभ्यर्थी अपना चयन SCERT के बेवसाइट **http://scert.cg.gov.in** में भी देख सकते हैं।

Scanned by CamScanner

**NOC प्रदान करने वाले अधिकारी के लिए चेक लिस्ट –**

I. अभ्यर्थी की आयु प्रवेश वर्ष के 01 जुलाई 2019 को 55 वर्ष से अधिक न हो।

II. अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई जांच/अपराधिक मामला/दण्ड/निलंबन की कार्यवाही लम्बित न हो।

III. अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र के साथ वर्तमान पद पर नियुक्ति/पदोन्नति तिथि से संबंधित दस्तावेज के जांच किये बिना NOC प्रदान न करें।

IV. NCTE के द्वारा निर्धारित अर्हता परीक्षा में सम्मिलित रूप से न्यूनतम 50 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही पात्र होंगे। इसमें SC/ST/OBC (क्रिमीलेयर को छोड़कर)/ दिव्यांग के अभ्यर्थी को 5% की छूट का प्रावधान रहेगा।

V. SC/ST/OBC (क्रिमीलेयर को छोड़कर) वर्ग से अर्हता परीक्षा के प्राप्तांक में छूट का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी से प्राप्त जाति प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। दृष्टिबाधित/शिथिलांग आवेदकों को सक्षम अधिकारी का तत्संबंधी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

VI. परिवीक्षा अविधि में कार्यरत शिक्षकों के NOC प्रदान नहीं करना है।

प्रवेश के समय चाहे गये प्रमाण–पत्र पूर्ण एवं सही व नियमानुसार पाये जाने पर ही आवेदक को प्रवेश की पात्रता होगी। मूल प्रमाण–पत्र की जाँच का प्रवेश के समय संबंधित संस्था के प्राचार्य द्वारा किया जावेगा। जाँच के दौरान प्रमाण–पत्र सही व नियमानुसार न पाये जाने पर आवेदक को प्रवेश की पात्रता नहीं रहेगी और इस संबंध में संबंधित प्राचार्य का निर्णय अंतिम होगा।

प्रवेश हेतु प्रशिक्षार्थियों के चयन से संबंधित सभी नीतिगत प्रश्नों के संबंध में निर्णय एवं नियमों की व्याख्या करने के लिए संचालक, एस.सी.ई.आर.टी.रायपुर अंतिम रूप से प्राधिकारी होगा। यदि प्रवेश के इन नियमों की व्याख्या से संबंधित कोई विवाद उत्पन्न होता है तो संचालक, एस.सी.ई.आर.टी. का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

संचालक

Scanned by CamScanner

## टेबल (A)

## बी.एड.(विभागीय)/एम.एड. (विभागीय) एवं एम.एड. (सीधी भर्ती) 2019–21 में प्रवेश की समय सारणी

| क्र. | पाठ्यक्रम का नाम | संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी से NOC प्राप्त कर ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि | अभ्यर्थी द्वारा सीधे/डाक से संबंधित महाविद्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | आवेदन पत्रों की प्रारंभिक जाँच की अंतिम तिथि | चयन परीक्षा की तिथि | दावा आपत्ति के लिए मॉडल उत्तर जारी करना | दावा आपत्ति की अवधि | उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन एवं मेरिट सूची तैयार करना | एम.एड. (विभागीय) में सफल अभ्यर्थियों के आवेदनों की जाँच | चयन समिति का बैठक तिथि | चयन सूची जारी करना |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | बी.एड (विभागीय) | 06.05.2019 से 25.05.2019 तक | 31.05.2019 | 15.06.2019 | | | | | | 01.07.2019 | 06.07.2019 |
| 2 | एम.एड (विभागीय) | 06.05.2019 से 25.05.2019 तक | 31.05.2019 | | 24.06.2019 | 25.06.2019 | 25.06.2019 से 28.06.2019 | 16.07.2019 | 23.07.2019 | 26.07.2019 | 27.07.2019 |
| 3 | एम.एड. (सीधी भर्ती) | 06.05.2019 से 25.05.2019 तक (NOC की आवश्यकता नहीं है।) | 31.05.2019 | 15.06.2019 | | | | | | 12.07.2019 | 15.07.2019 |

संचालक

Scanned by CamScanner